भारत सरकार
वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय
वाणिज्य विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 1412

**दिनांक 09 दिसंबर, 2025 को उत्तर दिए जाने के लिए**

**वैश्विक जैविक उत्पाद**

**1412. श्री मलैयारासन डी.:**

क्या **वाणिज्य और उद्योग मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) पिछले पांच वर्षों में वैश्विक जैविक उत्पाद बाजार और मांग में वृद्धि के संबंध में भारत की वर्तमान हिस्सेदारी कितनी है;

(ख) पिछले तीन वर्षों में भारत से निर्यात किए गए जैविक उत्पादों की राज्य-वार कुल मात्रा और मूल्य कितना है;

(ग) जैविक कृषि के अन्तर्गत प्रमाणित जैविक कृषकों की संख्या और कुल हेक्टेयर भूमि सहित तमिलनाडु में जैविक कृषि का परिमाण कितना है;

(घ) क्या सरकार ने तमिलनाडु के जैविक उत्पादों के संभावित बाजारों की पहचान की है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) भारत से विशेषकर दक्षिणी राज्यों से जैविक निर्यात को बढ़ावा देने के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं?

**उत्तर**

**वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री जितिन प्रसाद)**

(क) और (ख) जैविक उत्पादों की वैश्विक मांग लगातार बढ़ रही है, जो वैश्विक बाजार वृद्धि वर्ष 2019 में 112 बिलियन अमरीकी डॉलर से बढ़कर वर्ष 2023 में 147.49 बिलियन अमरीकी डॉलर हो जाने से परिलक्षित होता है।

| जैविक उत्पादों के लिए वैश्विक बाजार में वृद्धि | |
|---|---|
| वर्ष | वैश्विक बाजार का मूल्य (बिलियन अमेरिकी डॉलर में) |
| 2019 | 112.00 |
| 2020 | 129.00 |
| 2021 | 135.50 |
| 2022 | 141.94 |
| 2023 | 147.49 |
| स्रोत: एफआईबीएल और आईएफओएएम की रिपोर्ट - ऑर्गेनिक इंटरनेशनल (उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार) | |

वित्तीय वर्ष 2023-24 में क्रिसिल (क्रेडिट रेटिंग इंफॉर्मेशन सर्विसेज ऑफ इंडिया लिमिटेड) द्वारा किए गए "भारतीय जैविक बाजार अध्ययन एवं निर्यात संवर्धन कार्यनीति-2024" के अनुसार, कुल भारतीय जैविक बाजार वर्ष 2022 में 16,800 करोड़ रुपये (लगभग 2 बिलियन अमेरिकी डॉलर) होने का अनुमान है, जो वैश्विक जैविक बाजार (142 बिलियन अमेरिकी डॉलर) का 1.4% है। एनपीओपी (राष्ट्रीय जैविक उत्पादन कार्यक्रम) के तहत प्रमाणित जैविक उत्पादों का राज्यवार निर्यात अनुलग्नक में दिया गया है।

(ग) तमिलनाडु राज्य के लिए एनपीओपी के अंतर्गत रिपोर्ट किए गए आंकड़े निम्नानुसार हैं:

| तमिलनाडु में जैविक खेती के तहत क्षेत्र | |
|---|---|
| **1. कुल क्षेत्र (हेक्टेयर में)** | **32430.12** |
| क. जैविक | 18266.32 |
| ख. इन-कन्वर्ज़न | 14163.80 |
| तमिलनाडु संबंधी जैविक परिचालकों का विवरण | |
| **2. कुल उत्पादक** | **22,145** |
| क. निजी किसान | 1,977 |
| ख. उत्पादक समूहों के अंतर्गत किसान* | 20,168 |

* एनपीओपी के तहत तमिलनाडु में 103 जैविक उत्पादक समूह है।

स्रोत: ट्रेसनेट (जैविक उत्पादों की ट्रेकिंग के लिए एक इलेक्ट्रॉनिक प्लेटफ़ॉर्म) पर एनपीओपी के तहत मान्यता प्राप्त प्रमाणन निकायों द्वारा प्रदत्त सूचना।

(घ) और (ङ) एपीडा तमिलनाडु सहित देश के विभिन्न हिस्सों से विविध प्रकार के जैविक उत्पादों के निर्यात को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न जैविक उत्पाद श्रेणियों के हितधारकों के साथ मिलकर कार्य करता है। तमिलनाडु राज्य ने वित्त वर्ष 2024-25 में नारियल का दूध, नारियल तेल, आम प्यूरी, काली चाय, हरी चाय, हल्दी पाउडर, मिर्च पाउडर आदि सहित विभिन्न प्रकार के जैविक उत्पादों का निर्यात किया। इन उत्पादों की अमेरिका, यूरोपीय संघ, ऑस्ट्रेलिया, ग्रेट ब्रिटेन, चिली, मैक्सिको, कनाडा आदि जैसे देशों में निर्यात की प्रबल संभावनाएँ हैं।

सरकार दक्षिणी राज्यों सहित भारत से जैविक खाद्य उत्पादों के निर्यात को बढ़ावा देने के लिए कई उपायों का कार्यान्वयन कर रही है। राष्ट्रीय जैविक उत्पादन कार्यक्रम (एनपीओपी) को इसके आठवें संस्करण में संशोधित किया गया है और इसे जुलाई 2025 से क्रियान्वित किया गया है, जिससे विश्वसनीयता, पारदर्शिता और किसान-हितैषी विशेषताएं बढ़ी हैं। व्यापार को सुविधाजनक बनाने के लिए, प्रमुख साझेदारों के साथ पारस्परिक मान्यता व्यवस्था (एमएफए) पर कार्य किया जा रहा है, जिसमें 2024 से ताइवान के साथ एमआरए परिचालित है और ऑस्ट्रेलिया के साथ एमआरए दिनांक 24 सितंबर 2025 से क्रियान्वित किया गया है। बायोफैच 2026 के लिए भारत को भागीदार देश के रूप में नामित करने और नेचुरल प्रोडक्ट्स एक्सपो वेस्ट, यूएसए और बायोफैच इंडिया जैसे प्रमुख वैश्विक आयोजनों में भागीदारी के माध्यम से निर्यात संवर्धन प्रयासों को मजबूत किया गया है। हितधारक क्षमता निर्माण के लिए एनपीओपी और बाजार अवसरों संबंधी व्यापक आउटरीच और प्रशिक्षण कार्यक्रम भी देश भर में आयोजित किए गए हैं।

**दिनांक 09.12.2025 के लोकसभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1412 के भाग (ख) के उत्तर से संबंधित अनुलग्नक**

एनपीओपी के तहत प्रमाणित जैविक उत्पादों का निर्यात ( राष्ट्रीय जैविक उत्पादन कार्यक्रम)

| क्र.स | राज्य का नाम | कुल मूल्य (मिलियन अमेरिकी डॉलर में) | | | एक्सपोर्ट की गई मात्रा (एमटी में) | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | **2022-23** | **2023-24** | **2024-25** | **2022-23** | **2023-24** | **2024-25** |
| 1 | आंध्र प्रदेश | 6.27 | 17.48 | 35.92 | 1,932.53 | 4,853.25 | 9,822.78 |
| 2 | असम | 0.02 | 0.08 | 0.19 | 3.49 | 19.68 | 55.52 |
| 3 | चंडीगढ़ | 0.05 | 0.00 | 0.00 | 55.17 | 0.00 | 0.00 |
| 4 | छत्तीसगढ | 0.37 | 0.17 | 0.20 | 18.59 | 5.69 | 5.73 |
| 5 | दमन और दीव | 19.40 | 2.21 | 1.09 | 15,361.90 | 2,357.42 | 1,606.42 |
| 6 | गोवा | 0.31 | 0.34 | 0.38 | 33.16 | 49.10 | 42.30 |
| 7 | गुजरात | 112.81 | 67.18 | 84.78 | 65,581.24 | 19,621.45 | 26,529.73 |
| 8 | हरियाणा | 54.49 | 77.77 | 104.56 | 41,302.43 | 69,432.01 | 86,209.31 |
| 9 | हिमाचल प्रदेश | 0.34 | 4.81 | 3.36 | 22.45 | 1,750.72 | 947.46 |
| 10 | जम्मू और कश्मीर | 1.02 | 0.87 | 0.48 | 373.41 | 558.82 | 321.04 |
| 11 | कर्नाटक | 58.95 | 63.35 | 59.39 | 12,641.00 | 27,977.92 | 16,259.65 |
| 12 | केरल | 24.14 | 41.80 | 76.39 | 3,937.24 | 13,347.49 | 82,606.18 |
| 13 | मध्य प्रदेश | 78.99 | 47.93 | 42.99 | 66,734.98 | 51,170.34 | 42,004.53 |
| 14 | महाराष्ट्र | 195.47 | 42.35 | 73.08 | 56,697.89 | 32,478.60 | 46,854.37 |
| 15 | नई दिल्ली | 28.79 | 3.20 | 1.59 | 23,831.17 | 1,154.50 | 1,712.44 |
| 16 | ओडिशा | 0.00 | 0.00 | 0.02 | 0.00 | 0.00 | 2.40 |
| 17 | पंजाब | 0.96 | 4.48 | 2.63 | 1,034.78 | 3,126.34 | 1,545.36 |
| 18 | राजस्थान | 10.11 | 18.20 | 30.16 | 6,463.69 | 12,735.41 | 19,066.13 |
| 19 | तमिलनाडु | 13.59 | 14.90 | 25.98 | 5,799.30 | 5,630.00 | 10,586.20 |
| 20 | तेलंगाना | 30.23 | 37.74 | 39.72 | 3,864.77 | 6,015.41 | 4,887.50 |
| 21 | उत्तर प्रदेश | 39.12 | 23.20 | 45.57 | 3,086.16 | 5,152.34 | 11,969.02 |
| 22 | उत्तराखंड | 0.54 | 1.21 | 1.59 | 96.88 | 512.70 | 586.30 |
| 23 | पश्चिम बंगाल | 32.40 | 25.55 | 35.92 | 3,928.29 | 3,079.83 | 4,534.69 |
| कुल | | **708.36** | **494.80** | **665.97** | **3,12,800.51** | **2,61,029.01** | **3,68,155.04** |

स्रोत: ट्रेसनेट (जैविक उत्पादों की ट्रेकिंग के लिए एक इलेक्ट्रॉनिक प्लेटफ़ॉर्म) पर एनपीओपी के तहत मान्यता प्राप्त प्रमाणन निकायों द्वारा प्रदत्त सूचना।

नोट: राज्य-वार डेटा संबंधित राज्य में रजिस्टर्ड आयतकों के आयात पर आधारित है।

*******